# कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, गरियाबंद

कक्ष क्रमांक 40, कार्यालय कलेक्टर, जिला – गरियाबंद (छ.ग.)
वेब साईट–www.splc.cgstate.gov.in,ईमेल–lcgariaband@gmail.com, TAN No. - JBPD03893B

क्र. / प्रशि.भर्ती / DPLC / 2023–24 गरियाबंद, दिनांक 02/02/2024

## / /वॉक इन इन्टरव्यू/ /

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी गरियाबंद में वर्तमान में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत कोर्स– Jal Vitaran Sanchalak (water Distribution Operator) (Multi Skill) के कौशल प्रशिक्षण हेतु अंशकालीन पूर्णतः अस्थायी कुशल अतिथि प्रशिक्षक की नियोजन वाक इन इन्टरव्यू के माध्यम से दिनांक 08/02/2024 को प्रातः 10.00 बजे से कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, गरियाबंद में किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति कोर्स एवं पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी https://gariaband.gov.in में प्राप्त कर सकते है, एवं आवेदन पत्र का प्रारूप इस विज्ञापन में पेज क्र. 03 एवं 04 में दिया गया है। अधोवर्णित पद एवं उनके सम्मुख दर्शाये हुए विवरण अनुसार पद की निर्धारित अर्हताओं के अनरूप अपने पूर्ण बायोडाटा एवं आवेदन के साथ कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी गरियाबंद में दिनांक 08/02/2024 को निर्धारित समयानुसार साक्षात्कार हेतु उपस्थित होवें। मेहमान प्रशिक्षक निर्धारित योग्यता एवं अनुभव का विवरण निम्नानुसार है, सम्मुख दर्शाये गये योग्यता एवं अनुभव के ना होने के स्थिति में अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु पात्र नहीं होंगे।

| S.No | Name of Post Sector | Name of Course/ Code | Post of name | No. of Post | Trainers Qualification & Experience |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Plumbing | Water Distribution Operator PSC / Q0122 | मेहमान प्रशिक्षक | 01 UR | 1. B.E. / B.Tech in Civil or Mechanical Engineering with 2 Years of Relevant Industry Experience and 1 Year of Training Experience (Specialization – Plumbing / Construction / Electrical) OR 2. Diploma in Civil or Mechanical Engineering with 2 Years of Relevant Industry Experience and 1 Year of Training Experience (Specialization – Plumbing / Construction / Electrical) OR 3. Graduation in Science only (preferably knowledge in Plumbing / Environmental Engineering / Water Management sector) with 2 Years of Relevant Industry Experience and 1 Year of Training Experience (Specialization – Plumbing / Construction / Electrical) OR 4. CITS Certified Trainer (in Plumbing) |

### नियम एवं शर्तें

1. उम्मीदवार अपना पंजीयन एवं दस्तावेज सत्यापन निर्धारित समयानुसार कराना होगा। पंजीयन एवं सत्यापन हेतु को आवेदन पत्र, मूलदस्तावेज व उसकी स्वप्रमाणित 03 छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा।
2. मेहमान प्रशिक्षक चयन हेतु मेरिट के लिए अंको का निर्धारण निम्नानुसार है:–
   - 60 प्रतिशत अंक– तकनीकी योग्यता में प्राप्त प्रतिशत का।
   - 20 प्रतिशत अंक– संबंधित क्षेत्र में TOT/Domain Certification/Platform Certification प्रमाण पत्र संलग्न करने पर।
   - 10 प्रतिशत अंक– साक्षात्कार हेतु।
   - 10 प्रतिशत अंक– अनुभव का
     - 01 वर्ष से 03 वर्ष तक के अनुभव के लिए –05 अंक।
     - 03 वर्ष से अधिक के अनुभव के लिए –10 अंक।
3. प्रशिक्षक का चयन प्राप्तांक, कार्यनुभव एवं साक्षात्कार के अधार पर चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

4. चयन मेरिट के आधार पर होगा। चयन सूची/प्रतिक्षा सूची कार्यालय के सूचना पटल व जिला के वेब पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी। आवेदन पत्र में दूरभाष क्रमांक/मोबाईल नम्बर उल्लेख करें ताकी संपर्क किया जा सके।
5. चयनित मेहमान प्रशिक्षक को मासिक प्रशिक्षण परिश्रमिक राशि 18000.00 एकमुश्त प्रशिक्षण अवधि में देय होगा, मानदेय राशि केवल प्रशिक्षण अवधि के लिए ही देय होगी, प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने पर मानदेय की पात्रता नहीं होगी। किन्तु आगामी निरंतर प्रशिक्षण कार्य संचालित होने पर प्रशिक्षक को मानदेय राशि देय होगी। प्रशिक्षण गुणवता एवं नियोजन प्रतिशत के आधार पर कार्य अवधि आगे बढ़ाया जायेगा।
6. चयनित मेहमान प्रशिक्षक अभ्यर्थी के संबंधित SSC से TOT सर्टिफाईड नहीं होने के दशा में चयन उपरांत ज्वानिंग दिनांक से 01 माह के भीतर स्वयं के खर्चे पर संबंधित सेक्टर में TOT सर्टिफिकेशन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति निरस्त समझी जावेगी।
7. चयनित अभ्यर्थी को चयन उपरांत सूचना मिलने के 07 दिवस के भीतर ज्वानिंग लेना अनिवार्य है अन्यथा चयन स्वमेव निरस्त माना जावेगा एवं प्रतिक्षा सूची के अभ्यर्थियों को मौंका दिया जावेगा।
8. आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो एवं रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। इसमें आरक्षण संबंधी काई नियम लागू नहीं होंगे। मूल निवासी एवं रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाणपत्र संलग्न करें।
9. उपरोक्त पद पर भर्ती पूर्णतः अस्थायी है तथा राज्य कार्यालय से प्राप्त प्रशिक्षण लक्ष्य पर निर्भर करता है। उपरोक्त पद के विरूद्ध यदि शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरित/संविदा नियुक्ति की जाती है तो संबंधित मेहमान प्रशिक्षक की यह नियुक्ति स्वयमेव समाप्त हो जावेगी।
10. चयनित मेहमान प्रशिक्षक को प्रशिक्षण कार्य के अतिरिक्त हितग्राहियों का मोबलाईजेशन, उनका काउंसलिंग एवं प्रशिक्षण उपरांत उत्तीर्ण प्रशिक्षर्णी का 03 माह के भीतर प्लेसमेंट कराने का कार्य करना होगा।
11. चयनित मेहमान प्रशिक्षण को प्रशिक्षण कार्य के अतिरिक्त राज्य एवं जिला कार्यालय से दिये जाने वाले कार्य भी करने होंगे।
12. संबंधित सेक्टर में प्रशिक्षण संचालन नहीं होने की दशा में नोटिस देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
13. चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण मानदेय के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा एवं शासकीय अवकाश के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के अवकाश की पात्रता नहीं होगी।
14. चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षण कार्य संपन्न कराने हेतु 31 मार्च 2024 तक के लिए ही आमंत्रित किया जा रहा है। निर्धारित सेक्टर में कोर्स के प्रशिक्षण कार्य निरंतर चलने व कार्य कुशलता के आधार पर कार्यअवधि बढ़ाई जावेगी।
15. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्था का अनुभव मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र संस्था के लेटर हेड में संस्था प्रमुख की सील व हस्ताक्षर के साथ होना चाहिए। दिये गये अनुभव की जांच करवायी जायेगी। एवं गलत जानकारी दिये जाने की स्थिति में आवेदन अमान्य किया जावेगा।
16. यदि आवेदन किसी अन्य संस्थान में कार्य कर रहा हो तो संबंधित संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करे।
17. मेहमान प्रशिक्षक द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण संतोषप्रद नहीं होने या आचरण संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में सुनवाई का अवसर देते हुए स्पष्ट कारण दर्शाते हुए प्रशिक्षण कार्य में जारी रखने अथवा पृथक करने का निर्णय निदेशक लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद द्वारा लिया जावेगा।
18. चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा, भर्ती प्रक्रिया में होने वाले किसी भी वाद विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार कलेक्टर जिला गरियाबंद का होगा।

सहायक परियोजना अधिकारी
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी
जिला – गरियाबंद (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# मेहमान प्रशिक्षक हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

प्रति,

मु.का.अधि./निदेशक
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज
गरियाबंद (छ.ग.)

विषय– मेहमान प्रशिक्षक हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

मेहमान प्रशिक्षक हेतु निम्नांकित विवरण के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत है :–

1. आवेदित पद का नाम –..........................................
2. आवेदन/अवेदिका का नाम –..........................................
3. पिता/पति का नाम –..........................................
4. जाति –..........................वर्ग..........................
5. जन्मतिथि (अंको में) –..........................................
   (शब्दों में) –..........................................
6. रोजगार कार्यालय का जिवीत पंजीयन क्र. –..........................................
7. पत्र व्यहार का पूर्ण पता –..........................................
   ..........................................
8. फोन/मोबाइल नं. –..........................................
9. स्थायी निवास का पूर्ण पता –..........................................
   ..........................................

10. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता –

| क्र. | परिक्षा का नाम | मण्डल/बोर्ड/विश्वविद्यालय/आई.टी.आई. | विषय/व्यवसाय | श्रेणी | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

Scanned with CamScanner

11. अनुभव (अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करे) –

| विभाग/संस्था का नाम | पदनाम | कार्य अवधी कब से | कार्य अवधी कब तक | कार्य की प्रकृति | कुल अनुभव (वर्ष में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1.............................................
2.............................................
3.............................................
4.............................................
5.............................................
6.............................................
7.............................................

(आवेदक के हस्ताक्षर)

//घेषणा पत्र//

मैं यह प्रमाणित करता हूं कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई हैं, वह पूर्णतः सत्य हैं यदि यह जानकारी असत्य पाई जावेगी तो मेरा आवेदन/उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी। व आवश्यक कार्यवाही के लिए मैं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

स्थानः–.......................................
दिनांकः–...................................

(आवेदक के हस्ताक्षर)

पूरा नामः–...............................................
पूर्ण पताः–...............................................

Scanned with CamScanner